एक नजर में

युवा संगम का आयोजन 13 फरवरी को शासकीय आईटीआई राजगढ में

राजगढ़ 11 फरवरी, का. प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी एमव्ही संतोष कुमार द्वारा दी गई जानकारी अनुसार युवा संगम रोजगार मेलाअपरेंटिस मेला एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन शासकीय आईटीआई संकट मोचन कॉलोनी राजगढ़ में 13 फ़रवरी को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक किया जाएगा. इच्छुक आवेदक जिनकी न्यूनतम योग्यता 10 वीं से स्नातक, आईटीआई, बीई तथा पॉलिटेक्निक उत्तीर्ण है एवं आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हैं, युवा संगम में सम्मिलित हो सकते है. युवा संगमरोजगार मेले में सम्मिलित होने वाली कंपनी/संस्थान में पीजी इलेक्ट्रोप्लास्ट लिमिटेड (500 पद), एसआईएस सिक्युरिटी कंपनी, (625 पद) इस तरह कुल पद 1125, जिनमें वेतनमान 14 हजार रूपये से 25 हजार रूपये तक प्राप्त हो सकता है. रोजगार के इच्छुक आवेदकों से अपेक्षा हैं कि इस युवा संगम में उपस्थित होने से पूर्व रोजगार कार्यालय की वेबसाइट पर पंजीयन अवश्य करें.

जैविक खेती अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

राजगढ़ 11 फरवरी, का. कृषि में रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक के अंधाधुंध उपयोग के कारण से केवल भूमि की उर्वरक शक्ति नष्ट हो रही हैं, बल्कि मानव, पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. इन्हीं सभी समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायत गोघटपुर में परंपरागत कृषि विकास योजना अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. एसके कौशिक, सहायक संचालक कृषि वीके नायता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी राजेश बागड़ी सहित कृषक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में डॉ. कौशिक द्वारा किसानों को जैविक खेती करने, कृषकों को संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन,मृदा परीक्षण के आधार पर पोषक तत्व का उपयोग करने की सलाह दी. सहायक संचालक कृषि द्वारा कृषकों को ई टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली व किसानों को टोकन बुकिंग सिस्टम के बारे में जानकारी दी. वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा संचालित योजनाओं सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी एवं आगामी मौसम में नरवाई प्रबंधन के बारे में भी बताया.

जामोन्या जोहार में वैश्यावृत्ति बंद कराने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नरसिंहगढ़ 11 फरवरी, सं. तहसील अंतर्गत ग्राम जामोन्या जोहार में कथित रूप से चल रही वैश्यावृत्ति गतिविधियों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीण एकजुट हो गए. ग्रामवासियों ने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की. ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा है और युवाओं पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. उन्होंने बताया कि इस कारण गांव में असामाजिक तत्वों का आवागमन बढ़ गया है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है. ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा गांव में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियां न पनप सकें. एसडीएम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

दूसरे दिन एक परिवार के 4 लोग भर्ती हुए

मामला भैंसवाधाम से लौटे ग्रामीणों में संक्रमण का, मऊ निवासी परिवार को सारंगपुर भर्ती कराया

ग्राम मऊ में एक ही परिवार के 4 लोगों को संक्रमण के चलते अस्पताल में भर्ती कराया

एक दिन पूर्व भैंसवा मेले से लौटने के बाद हुए थे संक्रमण के शिकार

नवभारत न्यूज

पड़ाना 11 फरवरी, सं. एक दिन पूर्व समीपस्थ ग्राम मऊ के ग्रामीणजन भैंसवाधाम स्थित मेले में रविवार को ट्रेक्टर ट्रॉली से गये हुए थे. वहां से लौटने के बाद से ही 45 से 50 ग्रामीणों को उल्टी-दस्त, घबराहट, चक्कर आने की शिकायत होने लगी. इनमें बड़े, बच्चे सभी शामिल है. जानकारी लगने पर जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा उपचार शुरु किया गया. प्रथम दृष्टया बीमार लोगों में अधिकांशत- द्वारा वहां मौजूद टंकी से पानी पीया था इसके बाद इनकी तबीयत बिगडऩे की बात सामने आ रही है. अब दूसरे दिन प्रशासन की टीम नहीं पहुंची. दूसरे दिन एक ही परिवार के 4 लोगों को भारी संक्रमण के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

दूसरे दिन गांव के नंदन सिंह पिता गंगाराम राजपूत 32 वर्ष, उनकी पत्नि सुरक्षा पति नंदन सिंह 30 वर्ष, बेटे विराट पिता नंदन सिंह 8 वर्ष और विराज पिता नंदन सिंह 3 वर्ष को सारंगपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है. चारों की तबीयत में सुधार नहीं होने के कारण खुद सारंगपुर अस्पताल में जाकर भरते हुए स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी आज मऊ नहीं गया है.

गांव में स्वास्थ्य विभाग अथवा

दूषित भोजन से हो सकता है संक्रमण

जानकारी के अनुसार ग्राम मऊ से लगभग 45 से 50 ग्रामीणजन ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार होकर भैंसवामाता धाम गये हुए थे. जहां पर यह मेले में भी पहुंचे. ग्रामीणों के अनुसार बच्चों ने मेले में आईस्क्रीम खाई जबकि बड़ो ने कुछ खाया नहीं. इनका कहना है कि इनके द्वारा यहां मौजूद पानी टंकी से अवश्य पानी पीया और बॉटल में भी पानी भरकर यह लाये. गांव लौटने के बाद इनकी तबीयत बिगडऩे लगी. अधिकांशत उल्टी-दस्त, पेट दर्द की शिकायत हुई.

टंकी से लिए सैम्पल, सफाई कराई

स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की टीम भैंसवामाता धाम पहुंची तथा वहां मौजूद पानी टंकी का परीक्षण कर पानी के सैम्पल लिए गये, टंकी की सफाई कराकर फिलहाल उसे बंद कर दिया गया है. ग्रामीणों के बताए अनुसार संबंधित पानी की टंकी से पानी के सैम्पल लेकर जांच के लिए भेजे गये है. जिला महामारी नियंत्रक अधिकारी डा. महेन्द्रपाल सिंह के अनुसार पीड़ित लोगों की उचित जांच कर उपचार किया जा रहा है.

जांच में नहीं निकला पानी दूषित

इधर पीएचई के मुताबिक पानी की टेस्टिंग की गई लेकिन वह ठीक पाया गया है. संभवतः दूषित भोज्य पदार्थ का सेवन करने से एक ही गांव के लोगों की तबियत बिगड़ी है. हालांकि दूसरे दिन भी कुछ लोगों के स्वास्थ्य खराब होने की जानकारी मिली थी. इधर स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीणों, नागरिकों से अपील की है कि वे साफ पानी और भोजन का सेवन करें. साथ ही मौसम के अनुकूल भोजन पदार्थों का सेवन करें. साफ पानी अधिक मात्रा में पीएं जिससे की स्वास्थ्य पर असर ना पड़े. मेले में विभिन्न प्रकार के स्टॉल आदि भी लगे है उन पर भी जांच की जानी चाहिए जिससे कि लोगों को अनजाने में दूषित भोज्य पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी ना हो.

आपरेशन मुस्कान

नाबालिग बालक को परिजनों को सौंपा

नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 11 फरवरी, सं. ऑपरेशन मुस्कान अंतर्गत थाना नरसिंहगढ़ पुलिस द्वारा एक नाबालिग बालक को सफलतापूर्वक दस्तयाब किया गया. अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ श्रीमती नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में टीम गठित कर सतत प्रयास किए गए. बीते 16 जनवरी को फरियादी द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसका नाबालिग बालक 13 जनवरी से गुम है. प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 34/26 धारा 137(2) क्वहस् के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. चूंकि मामला नाबालिग बालक से संबंधित था, अतः तत्काल टीम गठित कर विभिन्न पहलुओं पर जांच एवं खोजबीन की गई. लगातार प्रयासों के बाद 10 फरवरी को पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालक को सकुशल दस्तयाब कर वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया.

जन संघ के जमाने वाले सराली निवासी आडवाणी का निधन

नवभारत न्यूज

पचोर 11 फरवरी, सं. समीपस्थ ग्राम पंचायत सराली निवासी श्री देवीलाल लोधी का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया. श्री देवीलाल देवीलाल जी लोधी को क्षेत्र में आडवाणी के नाम से जानते थे.



देवीलाल जनसंघ के समय के कार्यकरता थे पार्टी में समर्पित भाव से कार्य करते थे जहाँ भी पार्टी की बैठकर आयोजित होती थी आडवाणी हर बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते थे. पार्टी के हर बड़े एवं छोटे नेता श्री देवीलाल जी को बहुत कम लोग नाम से जानते थे सब लोग उन्हें आडवाणी ही कहकर संबोधित करते थे. जनसंघ के समय के ऐसे कार्यकर्ताओं के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है जिनके बलबूते पर आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है. लेकिन आज भी ऐसे अनेक कार्यकर्ता जो समर्पित भाव से पार्टी का कार्य कर रहे. जो अटल,आडवाणी के नाम से जाने जाते हैं उन्होंने अपनी मूल पहचान भी पार्टी को आगे बढ़ाने में को खो दी. लेकिन आज बहुत कम लोग जनसंघ समय के जीवित है और जो जीवित है उन्हें और उनके परिवार के लोगों को सत्ता एवं संगठन के लोग वह महत्व नहीं देते हैं जिनके वह हकदार है. जिन्होंने पार्टी को जन संघ से लेकर भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में अपना योगदान दिया. देवीलाल लोधी भी ऐसे ही कार्यकर्ताओं में से एक थे.

देवीलाल लोधी उर्फ आडवाणी जी की अंतिम यात्रा में कोई बड़ा नेता नहीं पहुंचा. जबकि उन्होंने पूरा जीवन विषम परिस्थितियों में जन संघ से लेकर अभी तक सक्रिय रूप से पार्टी को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देते हुए अंतिम सांस ली. देवी लाल आडवाणी के कोई संतान नहीं थी वह अपने भाइयों के साथ रहते थे.

हालांकि उनके निधन के बाद सोशल मीडिया पर जरूर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है लेकिन उनकी अंतिम यात्रा में कोई बड़ा नेता नहीं पहुंचना व पार्टी के बड़े नेताओं पर ऐसे कार्यकर्ताओं को अंतिम समय में भी सम्मान नहीं दिए जाने पर पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है.

सांसद रोडमल नागर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि संघ के दौर से भाजपा के उत्कर्ष तक अपना जीवन न्योछावर करने वाले, जिले के वरिष्ठ नेता श्रद्धेय देवीलाल लोधी आडवाणी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है. अटल जी जैसी सादगी और आडवाणी जी जैसी निष्ठा रखने वाले देवीलाल जी का जाना संगठन के लिए एक अपूरणीय क्षति है. आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर उनका देवलोकगमन मानो एक युग का अंत है.

माँ बिजासन धाम पर भजन संध्या के आमंत्रण पत्र का विमोचन

छापीहेड़ा 11 फरवरी, सं. ये चमक ये दमक फुलवन मा महक जैसे भजन एवं अपने अलग ही अंदाज में सुंदर कांड की प्रस्तुति से पूरे देश में ख्याति प्राप्त करने वाले प्रसिद्ध भजन गायक पंडित सुधीर व्यास द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर होने वाली संगीतमय सुंदर कांड एवं भव्य भजन संध्या के सफल आयोजन की कामना को लेकर आयोजन टीम द्वारा प्रातः काल मे माँ बिजासन धाम भैंसवा पहुचकर माता की. पूजन अर्चन एवं महाआरती के साथ पत्रक भेंट कर सफल आयोजन की कामना की एवं आमंत्रण पत्र का विमोचन किया. इस अवसर पर अमित झंझावत, घनश्याम पाटीदार, पिरु तंवर, राजेश कुशवाह, मांगीलाल सोनी, दीपक पुष्पद, मिलन टेलर, सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे.

दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन

नवभारत न्यूज

नरसिंहगढ़ 11 फरवरी, सं. बुधवार को शासकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का समापन कार्यक्रम में डॉ. डी आर तिवारी कुलगुरू आर्यावर्त विश्वविद्यालय सीहोर, मुख्य अतिथि कविता लोकेन्द्र वर्मा नपाध्यक्ष नरसिंहगढ़, विशेष अतिथि तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. चेतन कुमार त्रिपाठी द्वारा की गई.

शैक्षणिक सत्र में डॉ. अश्विनी शर्मा चेरमेंन बोर्ड ऑफ स्टडी (राजनीति विज्ञान) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर, डॉ. नीलम गुप्ता सहा.प्रा. डॉ. खुबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई 3. दुर्ग, छत्तीसगढ़, तथा डॉ. आशीष गुप्ता सहा.प्रा. मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान भोपाल द्वारा अपना विषय आधारित उद्बोधन प्रस्तुत किया. तकनीकि सत्र में डॉ. सुषमा दुराफे, डॉ. प्रमोद खरे, डॉ. श्वेता साहू, वल्लभ शर्मा, चिराग त्रिपाठी, द्वारा शोध पत्र का वाचन किया गया. समापन सत्र में मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय भोपाल की प्राचार्य डॉ. गीता मोदी, नवीन महाविद्यालय भोपाल के प्राचार्य डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. अनुजा गुप्ता, आदि उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन गिरीश कुमार शर्मा सहा.प्रा. वनस्पतिशास्त्र द्वारा तथा आभार प्रदर्शन कार्यक्रम की संयोजक डॉ. सुनीता गुप्ता द्वारा किया गया.

वित्तीय साक्षरता जागरूकता केम्प

खिलचीपुर 11 फरवरी, सं. सड़िया कुंवा में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता जागरूकता के तहत केवायसी अपडेट के लिए केम्प लगाया. वित्तीय साक्षरता परामर्श दाता राधेश्याम शर्मा ने सायबर फ्रॉड से सावधानी, रोकथाम व मोबाईल में सेफ्टी के बारे में जानकारी दी. इस मौके पर जिला अग्रणी प्रबंधक सुखवीर सिंह, नाबार्ड जिला विकास प्रबंधक अखलेश शर्मा, स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था डायरेक्टर अनिमेष मालवीय, प्रबंधक सुमेश कुमार ने बैंकिंग जानकारी से सब अवगत कराया.

चालक को झपकी आई, दुर्घटना में महिला की मौत

दो गंभीर घायल, शादी में जा रहा था परिवार

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 11 फरवरी, सं. सारंगपुर में मंगलवार को आगरा-मुंबई हाइवे पर धनौरा गांव के पास एक कार डिवाइडर से टकरा गई. हादसे में 67 साल की महिला की मौत हो गई. जबकि कार सवार महिला के पति और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए.

जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 11 बजे इंदौर से चाचौड़ा जा रही कार को 72 वर्षीय सुरेश व्यास चला रहे थे. बताया जा रहा है कि हाइवे पर चलते समय उन्हें नींद की झपकी आ गई, जिससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

पत्नी की मौके पर मौत, बेटी-पति घायल

हादसे के समय कार में तीन लोग सवार थे. इनमें इंदौर निवासी सुरेश व्यास (72), उनकी पत्नी सरिता व्यास (67) और बेटी ज्योति जोशी (52) शामिल थीं, जो देवास की रहने वाली हैं. दुर्घटना में सरिता व्यास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुरेश व्यास और ज्योति जोशी गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों घायल गंभीर हालत में शाजापुर रेफर किए गए. घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को कार से बाहर निकालने में मदद की. पुलिस ने सभी को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. रवि चंद्रावत, डॉ. देवनारायण रुहेला और डॉ. अंकित महोबे ने प्राथमिक इलाज किया. घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें शाजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया.

टीआई आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गई है. पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.

तस्वीरें राजगढ़ में पैट शो में अलग-अलग नस्ल के श्वानों को पुरस्कार मिले वहीं छापीहेड़ा में आवारा कुत्तों को नगर से बाहर किया

पालतू कुत्तों को तालियां और आवारा श्वानों को मिली लाठियां

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 11 फरवरी, का. मप्र शासन के निर्देशानुसार पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में 14 जनवरी, 2026 से 13 फरवरी तक पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह मनाया जा रहा है. जिसके अंतर्गत पशुपालन विभागद्वारा बुधवार को द पैट शो सीजन 2 का भव्य आयोजन जिला पशुचिकित्सालय परिसर में किया गया. कार्यकम में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, संभाग भोपाल से संयुक्त संचालक डॉ. परनाम, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अनुविभागीय (राजस्वर) अधिकारी श्रीमति निधी भारद्वज, शफीक गामा एवं अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित हुए. कार्यक्रम

का प्रारंभ गौपूजन करके किया गया. कार्यक्रम में जिला स्तरीय पशु चिकित्सा शिविर एवं निःशुल्क एन्टी रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें कुल 35 पशुओं का उपचार एवं 28 निःशुल्क एन्टी रेबीज टीकाकरण किया गया.

सर्वप्रथम केट शो का आयोजन किया गया. जिसमें बिल्लीयों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता में निबंध हेतू विषय जानवरों पर प्लास्टिक का प्रभाव पर विभिन्न विद्यालयोंके कुल 37 छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं चित्रकला हेतू विषय बेजुबानों की जुबान पर विभिन्न विद्यालयों के कुल 17 छात्र छात्राओं ने भाग लेकर अपनी कला एवं विचारों का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री शर्मा व कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं सभी अतिथियों द्वारा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान पाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया. बिल्लीयों की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मैगी परसियन ब्रीड (कायनात खान), द्वितीय स्थान पर हुरेरा परसियन ब्रीड (मुमताज खान) एवं तृतीय स्थान पर बरफी परसियन ब्रीड को पुरूस्कार वितरण किया गया. छोटे नस्लीय श्वानों में प्रथम स्थान पर रूमी श्वीट जु ब्रीड (रितेन्द्र शांकला), द्वितीय स्थान पर रोमियो श्वीट जु ब्रीड (डिंपल शांकला) उएवं तृतीय स्थान पर किमी श्वीट जु ब्रीड को पुरूस्कार वितरण किया गया. बडे नस्लीय श्वानों में प्रथम स्थान पर एनी गोल्डन रिट्राइवर ब्रीड (अभिषेक राजपूत), द्वितीय स्थान पर सिंबा लेब्राडॉर ब्रीड, एवं तृतीय स्थान पर गूफी जर्मन शेफर्ड (डॉ. मधुसुदन शाक्य) को पुरुस्कार वितरण किया गया.

आवारा कुत्तो को पकड़ने बनाई टीम, 20 कुत्तों को पकड़ दूर जंगल में छोड़ा

नवभारत न्यूज, छापीहेड़ा 11 फरवरी, सं. पिछले कई दिनों से नगर में आवारा कुत्तो की भरमार ओर लोगो पर झपटने ओर घायल करने की घटनाओं में निरन्तर वृद्धि हो रही थी. वहीं हाल ही में 21 माह की नन्ही बालिका को 3-4 आवारा कुत्तों द्वारा जानलेवा हमला ओर घसीट कर गंभीर रूप से घायल करने की घटना के बाद नपा ने इन आवारा कुत्तों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया है. इन कुत्तों को पकड़ कर दूर जंगल में छोड़ा जा रहा है. इस अभियान में नपा द्वारा विभिन्न वार्डो ओर गली मोहल्लों से 20 से अधिक कुत्तो को पकड़ कर दूर छोड़ा गया है.

नवभारत
क्लासीफाईड